an>

Title: Regarding flood situation in Balia Parliamentary Constituency of Utttar Pradesh.

श्री भरत सिंह (बलिया) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मेरा बलिया लोक सभा क्षेत्र है, जो गंगा और सरयू नदी से घिरा हुआ है। लोक नायक जयप्रकाश का ट्रस्ट पूरा गंगा मे विलीन होने की स्थिति में है। दर्जनों गांव पिछले दिनों गंगा में विलीन हो गए। एक अठगवां है, वहां भी लोक नायक जयप्रकाश के नाम पर ट्रस्ट बन रहा है। हमारे प्रधानमंत्री जी भी वहां पर जाने वाले हैं। वह भी गिरने के कगार पर है। पिछले दिनों करोड़ों रुपयों का काम हुआ, अठगवां जो हमारे यहां है, वहां करोड़ों रुपए का फर्जी काम किया गया। उत्तर प्रदेश के शासन में यह फर्जी काम हो रहा है। मैं गिनवाना चाहता हूं, जगदीशपुर, भुसौला, गरड़िया, नर्वरा, शेरपुर, सेमरा, तीलापुर, दतहा, श्रीनगर, दूबेछपड़ा, गोपालपुर, ये तमाम गांव गंगा और घाघरा की कटान से पीड़ित हैं। इन गांवों के उजड़े हुए विस्थापित लोगों को बसाने की आवश्यकता है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करूंगा कि हमारे क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाए, क्योंकि उत्तर प्रदेश की सरकार को ध्यान देने की फुर्सत नहीं है। ...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात खत्म करता हूं। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Bharat Singh.